दिनांक : 18.05.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री रैली—हरियाणा

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज हरियाणा में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में दो रैलियां करेंगे। वे अंबाला में दिन में लगभग पौने तीन बजे और सोनीपत के गोहाना में सायं करीब पौने पांच बजे रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए अंबाला और सोनीपत में धारा–144 लगा दी गई है और सुरक्षा कडी कर दी गई है।

....

मतदान डेटा

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कुल 69 दशमलव एक छह प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं । आयोग ने कहा कि 69 दशमलव पांच आठ प्रतिशत पुरुष और 68 दशमलव सात छह प्रतिशत महिलाएं तथा 34 दशमलव दो तीन प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने वोट डाले। इस चरण में मध्यप्रदेश की आठ सीटों सहित नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में कुल एक हजार 717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

....

गेहूं उपार्जन

राज्य शासन ने रबी विपणन वर्ष 2024–25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि एक बार फिरबढ़ा दी है। प्रदेश में किसानों से अब 31 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। इस बारे में राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रारंभ में किसानों से गेहूं उपार्जन हेतु भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर एवं उज्जैन संभाग में 7 मई और प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन की अवधि 15 मई तक निर्धारित की गई थी। बाद में इस अवधि को 20 मई तक बढ़ा दिया गया था।

....

मेट्रो परीक्षण

भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन किया जा रहा है। कल 80 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से मेट्रो का परीक्षण किया गया। इससे पहले गुरुवार को 60 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से परीक्षण हुआ था। मेट्रो का ट्रायल सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच किया गया। मेट्रो के ट्रायल रन लगातार हो रहे हैं लेकिन अभी तक हुए ट्रायल रन 25 से 30 किलोमीटर की स्पीड पर ही हुए हैं, लेकिन गुरुवार को 60 किमी और शुक्रवार को 80 किमी की स्पीड से ट्रायन रन हुआ।

....

मौसम

आंधी–बारिश का सिस्टम कमजोर होते ही प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कल ग्वालियर में पारा रिकॉर्ड 44 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गुना में भी तापमान 44 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। रतलाम, शिवपुरी और नौगांव में तापमान 43 डिग्री या इससे अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में पारा 40 दशमलव 2 डिग्री, इंदौर में 39 दशमलव 9 डिग्री और जबलपुर में 35 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम विभाग के मुताबिक आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड और दतिया में हीट वेव चल सकती है। वहीं, अन्य शहरों में भी तापमान बढ़ने की सम्भावना है।

....

षिवपुरी आग

शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्टर कार्यालय के नजूल शाखा में स्थित कक्ष में आज आग लगने की खबर है। यहां सबसे पहले सैनिकों ने धुंआ उठते देखा। इससे विभिन्न विभागों का रिकॉर्ड जलने की खबर है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। कलेक्टर ने बताया कि नजूल शाखा के रूम में आग की घटना में फाइलें और कुछ रिकॉर्ड जला है जिसकी हम जांच करा रहे हैं।

....

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम 7.30 बजे बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- टीकमगढ जिला जेल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुडी बीमारी और तनाव के प्रकार और तनाव को कम करने के उपाय के बारे में विशेषज्ञ डाक्टरों ने जानकारी दी।
- आगर मालवा के जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कहीं भी पेयजल समस्या होने की जानकारी संज्ञान में आने पर तत्काल अधिकारी क्षेत्र का दौरा कर समस्या को दूर कराएं।
- शाजापुर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर आगरा मुंबई राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर आज सुबह ग्राम पनवाड़ी में एक वाहन पलटने से एक महिला की मौत हो गई। वही दो कि गंभीर हालत होने पर इंदौर रेफर किया गया।

- सागर संभाग के आयुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने ओरछा में चल रहे लोक निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रामलोक निर्माण को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देष दिए। उन्होंने पार्किंग स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

....